मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 17 सितम्बर 2024

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	17/09/24	18/09/24	19/09/24	20/09/24	21/09/24
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	34	38	38	35
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	26	26	25	26	26
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	1	0	2	8
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	22	27	31	29	26
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	53	62	60	59	57
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	15	14	9	14	18
हवा की दिशा	उत्तर–पष्चिम	पूर्व–उत्तर–पूर्व	दक्षिण	दक्षिण–दक्षिण–पष्चिम	दक्षिण–पष्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	सलाह
सामान्य सलाह	आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना ।
लघु संदेश	किसान भाई अगेति शीतकालीन सब्जियों जैसे गाजरए मूलीए शलजम आदि की बुवाई के लिए खेत तैयार करें।
मूंग	मूंग की फसल अभी पकाव की ओर अग्रसर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे। खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें ।
बाजरा	बाजरा की फसल अभी पकाव की ओर अग्रसर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे। खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें ।
ग्वार	ग्वार की फसल में जीवाणु झुलसा रोग के नियंत्रण के लिए स्टेप्टोसाइक्लीन 0.02 प्रतिशत (यानी 10 लीटर पानी में 2 ग्राम की मात्रा) का छिडकाव करें।
अरण्डी	अरण्डी की फसल में तना छेदक के नियंत्रण के लिए क्यूनालफाॅस 25 ई.सी .1 लीटर का प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
बेर	बेर के बागानों में बरुथी के प्रकोप के नियंत्रण के लिए स्पाइरोंमेरों मेसिफेन 22.9

	प्रतिशत नामक दवा का 0.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
अनार	अनार में विल्ट रोग के प्रभावी नियंत्रण के लिये 02 किलोग्राम अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद में 10 ग्राम ट्राईकोडर्मा विरिडी को अच्छी तरह मिलाकर प्रति पौधे की दर से दे।
पशु	पशु बाडे में मल-मूत्र व कचरा आदि के कारण पशु में संक्रामक रोगों व परजीवियों का प्रकोप बढ़ने का खतरा रहता है। अतः बाड़े की साफ-सफाई पर ध्यान दें।

(नौडल ऑफीसर)